Sign in to edit and save changes to this file.

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश
कोरोना के नए वेरिएंट से दुनिया भर में दहशत! 12 | जनता को पसंद है बहुमत वाली सरकार | 03

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | लखनऊ | मंगलवार | 30 नवंबर, 2021

विद्वत परिषद की 173वीं बैठक आयोजित

कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ.डी.आर.सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को विद्वत परिषद की 173वीं बैठक हुई। जिसमें स्नातक कृषि के 231, वानिकी के 28, उद्यान में 39, गृह विज्ञान में 26, बी टेक कृषि अभियंत्रण में 31, बी टेक अभियांत्रिकी में 16, बी टेक कंप्यूटर में 08 और मत्स्य विज्ञान में 34 तथा डेयरी टेक्नोलॉजी में 28 विद्यार्थी तथा परास्नातक कृषि में 131, उद्यान में 18, गृह विज्ञान में 18, एमबीए में 34, एमटेक में 1 तथा पीएचडी में 26 छात्रों के उत्तीर्ण होने का अनुमोदन विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2021-22 में आईसीआर द्वारा प्रेषित व्यापक विषय वस्तु क्षेत्र (बी एस एम ए)समिति की रिपोर्ट के साथ ही 2021 को विश्वविद्यालय में एमएससी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में शामिल किए जाने का अनुमोदन दिया गया । यह नवीन पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के चारों महाविद्यालयों मे लागू किए जाएंगे। कुलसचिव ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित आय सीमा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की एक से अधिक ऐसी बच्चियां जो एक ही संस्था में अध्ययनरत हैं उनमे दूसरी बच्ची की ट्यूशन फीस या तो संस्था को प्रोत्साहित करते हुए माफ कराई जाएगी या उसकी प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ.एच.जी.प्रकाश, अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान डॉ. वेदरतन, आईसीआर के नोडल अधिकारी रामप्यारे सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर मौजूद रहे।

Sign in to edit and save changes to this file.

लखनऊ संस्करण
वर्ष-06, अंक-38
मंगलवार, 30 नवंबर 2021
पृष्ठ 12
मूल्य 3 रुपये

Azadi Ka Amrit Mahotsav

दैनिक भास्कर

देश का सबसे विश्वसनीय अखबार

For epaper : www.dainikbhaskarup.com | 12

कृषि विवि में विद्वत परिषद की 173वीं बैठक

भास्कर ब्यूरो

कानपुर। सीएसए में कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह की अध्यक्षता में विद्वत परिषद की 173वीं बैठक संपन्न हुई। जिसमें सभी विद्वत परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत कुलसचिव डॉ सर्वेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। सर्वप्रथम स्नातक कृषि के 231, वानिकी के 28, उद्यान में 39, गृह विज्ञान में 26, बी टेक कृषि अभियंत्रण में 31, बी टेक अभियांत्रिकी में 16, बी टेक कंप्यूटर में 08 और मत्स्य विज्ञान में 34 तथा डेयरी टेक्नोलॉजी में 28 विद्यार्थी, इसी प्रकार से परास्नातक कृषि में 131, उद्यान में 18, गृह विज्ञान में 18, एमबीए में 34, एमटेक में 1 तथा पीएचडी में 26 छात्रों के उत्तीर्ण होने का अनुमोदन सम्मानित विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया। शैक्षणिक सत्र 2021 22 में आईसीआर द्वारा प्रेषित व्यापक विषय वस्तु क्षेत्र (बी एस एम ए)समिति की रिपोर्ट 2021 को विश्वविद्यालय में एमएससी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में शामिल किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया । यह नवीन पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के चारों महाविद्यालय कृषि महाविद्यालय, गृह विज्ञान महाविद्यालय, उद्यान महाविद्यालय एवं कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय इटावा में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में लागू किए जाने की संस्तुति प्रदान की गई है। कुलसचिव द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि शासन द्वारा निर्धारित आय सीमा से नीचे जीवन यापन करने वाले किसी परिवार की एक से अधिक बच्चियां किसी संस्था में अध्ययनरत हैं तो दूसरी बच्ची की ट्यूशन फीस या तो संस्था को प्रोत्साहित करते हुए माफ कराई जाएगी या उसकी प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। को विश्वविद्यालय में प्रभावी किए जाने तथा इसके क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आरपी सिंह को नामित किए जाने की संस्तुति प्रदान की गई है। कुलसचिव ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण के हवाले से प्रस्ताव रखा कि विश्वविद्यालय में गेम कोच संबंधी कार्य /खेल के मैदान /खेल उपकरण का रखरखाव हेतु गेम टीचर को नियत वेतनमान पर रखने हेतु प्रस्ताव को भी विद्वत परिषद द्वारा स्वीकृति दी गई इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ एच जी प्रकाश, अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान डॉक्टर वेदरतन, आईसीआर के नोडल अधिकारी रामप्यारे सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे।

अमर उजाला कानपुर 30/11/2021

सीएसए

खेल का मैदान किया जाएगा दुरुस्त, कोच भी होगा

दो गरीब बहनों में से एक की फीस माफ

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में सोमवार को कुलपति डॉ. डीआर सिंह की अध्यक्षता में एकेडमिक काउंसिल की 173वीं बैठक हुई। बैठक में विवि में खेल को बढ़ावा देने के लिए मैदान को दुरुस्त करने और कोच की नियुक्ति के प्रस्ताव को स्वीकृत दी गई।

तय हुआ कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की एक से अधिक छात्राएं विवि में पढ़ती हैं तो दूसरी छात्रा की फीस या तो माफ की जाएगी या उसकी प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2021-22 में आईसीएआर की ओर से प्रेषित व्यापक विषय वस्तु को विश्वविद्यालय के एमएससी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में शामिल किए जाने का अनुमोदन दिया गया है। नोडल अधिकारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आरपी सिंह को नामित किया गया। इस मौके पर डॉ. धर्मराज सिंह, डॉ. एचजी प्रकाश और डॉ. वेदरतन आदि मौजूद रहे।

रैगिंग मामले में 13 सीनियर छात्र चिह्नित, भूमिका की तफ्तीश

कानपुर। सीएसए में हुई रैगिंग की घटना के मामले में पुलिस ने संदिग्ध 13 छात्रों के बारे में जानकारी जुटा ली है। हर एक की पहचान पुलिस ने कर ली है। अब पुलिस तफ्तीश कर रैगिंग में उनकी भूमिका पता कर रही है। जिनके खिलाफ पुख्ता साक्ष्य मिलेंगे उन पर कार्रवाई होगी। पुलिस ने अभी किसी छात्र का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। सीएसए के तिलक हॉस्टल में बीते सप्ताह सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों से रैगिंग की थी। विरोध पर पीटा था। नवाबगंज पुलिस ने मामले में अज्ञात छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एसीपी स्वरूपनगर ब्रज नारायण सिंह के नेतृत्व में मामले की जांच चल रही है। एसीपी ने बताया कि जिन 13 संदिग्ध छात्रों के बारे में जानकारी मिली थी, अब उनकी पहचान कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज, पीड़ित छात्रों के बयानों के आधार पर सुबूत जुटाए जा रहे हैं। जो रैगिंग में शामिल होंगे, उनके खिलाफ जांच रिपोर्ट विवि प्रशासन को भेजी जाएगी।

हिंदुस्तान कानपुर 30/11/2021

गरीब परिवार की दूसरी बेटी की ट्यूशन फीस होगी माफ

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

सीएसए

- **एकेडमिक काउंसिल में फैसला गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों को लाभ**
- **28 दिसंबर को प्रस्तावित दीक्षांत में 669 छात्रों को मिलेगी डिग्री काउंसिल की लगी मुहर**

सीएसए में पढ़ाई कर रही गरीब परिवार की दूसरी बेटी की ट्यूशन फीस माफ होगी। विवि की एकेडमिक काउंसिल ने इस पर मुहर लगा दी है। इसका लाभ गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवार की उन बच्चियों को मिलेगा जो साथ-साथ विवि में पढ़ाई कर रही होंगी। वहीं, 28 दिसंबर को प्रस्तावित विवि के दीक्षांत समारोह में 669 छात्र-छात्राओं को उपाधियां दी जाएंगी। कुलपति डॉ. डीआर सिंह की अगुवाई में सोमवार को एकेडमिक काउंसिल की 173वीं बैठक हुई।

परिषद के सदस्यों का स्वागत रजिस्ट्रार डॉ. एसके गुप्ता ने किया। सबसे पहले उत्तीर्ण छात्रों का अनुमोदन किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि स्नातक में कुल 441 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें कृषि के 231, वानिकी के 28, उद्यान के 39, गृहविज्ञान के 26, बीटेक कृषि इंजीनियरिंग के 31, बीटेक इंजीनियरिंग के 16, बीटेक कंप्यूटर के 8, मत्स्य विज्ञान के 34 और डेयरी टेक्नोलॉजी के 28 छात्र हैं। इसी तरह, पीजी में कुल 167 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें कृषि के 131, उद्यान के 18 व गृहविज्ञान की 18 छात्र-छात्राएं हैं। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में आईसीआर के निर्देश पर बीएसएमए समिति की रिपोर्ट को विश्वविद्यालय ने एमएससी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में शामिल कर लिया है। ये विवि के चारों महाविद्यालयों में लागू होगा। गरीब परिवार की दूसरी बच्ची की फीस माफी का नोडल अधिकारी डॉ. आरपी सिंह को नामित किया गया है।

राष्ट्रीय सहारा

कानपुर • मंगलवार • 30 नवम्बर • 2021

एक ही संस्थान में दो बहनों के पढ़ने पर एक की फीस होगी माफ

कानपुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में सोमवार को संपन्न 173वीं विद्वत परिषद की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पारित/स्वीकृत किये गये। नये प्रस्तावों में किसी संस्थान में एक ही परिवार के दो बेटियों के पढ़ने पर एक की ट्यूशन फीस माफ करने के साथ ही आईसीएआर द्वारा प्रेषित व्यापक विषय वस्तु क्षेत्र (बीएसएमए) समिति की रिपोर्ट को विवि के एमएससी व पीएचडी पाठ्यक्रमों में शामिल किये जाने को अनुमोदन प्रदान किया गया। यह नवीन पाठ्यक्रम विवि से संबद्ध चारों महाविद्यालयों के संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में लागू किये जाने की संस्तुति प्रदान की गई।

सीएसए कृषि विवि की विद्वत परिषद की 173वीं बैठक में पारित किये गये कई अहम प्रस्ताव

विवि कुलपति डॉ. डीआर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुलसचिव डॉ. सर्वेन्द्र कुमार गुप्ता ने प्रस्ताव रखा कि शासन द्वारा निर्धारित आय सीमा के नीचे जीवनयापन करने वाले किसी परिवार की एक से अधिक बच्चियां किसी संस्थान में अध्यनरत हैं तो दूसरी बच्ची की ट्यूशन फीस या तो संस्था को प्रोत्साहित करते हुए माफ कराई जायेगी या उसकी प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा कराई जायेगी। विवि में इसे प्रभावी किये जाने के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आरपी सिंह को नोडल अधिकारी नामित करने को भी संस्तुति प्रदान की गई। कुलसचिव के विवि में खेल शिक्षक को नियत वेतनमान पर रखने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में विवि के विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों के उत्तीर्ण होने का अनुमोदन भी परिषद सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया। बैठक में निदेशक शोध डॉ. एचजी प्रकाश, अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ. वेदरत्न, आईसीएआर के नोडल अधिकारी रामप्यारे सहित सभी विभागाध्यक्ष व प्रोफेसर शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. धर्मराज सिंह ने किया।

आज | महानगर | कानपुर 30 नवम्बर, 2021 | 5

गेम टीचर को नियत वेतनमान पर रखने की मंजूरी

❑ कृषि विश्वविद्यालय में विद्वत परिषद की 173वीं बैठक

कानपुर, 29 नवम्बर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह की अध्यक्षता में विद्वत परिषद की 173वीं बैठक संपन्न हुई, जिसमें सभी विद्वत परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत कुलसचिव डॉ सर्वेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में गेम्स कोच, खेल मैदान और उपकरणों के रखरखाव के अलावा नियत वेतनमान पर गेम टीचर रखने के प्रस्ताव को स्वीकृत प्रदान कर दी गई है। सर्वप्रथम स्नातक कृषि के 231, वानिकी के 28, उद्यान में 39, गृह विज्ञान में 26, बी टेक कृषि अभियंत्रण में 31, बी टेक अभियांत्रिकी में 16, बी टेक कंप्यूटर में 08 और मत्स्य विज्ञान में 34 तथा डेयरी टेक्नोलॉजी में 28 विद्यार्थी, इसी प्रकार से परास्नातक कृषि में 131, उद्यान में 18, गृह विज्ञान में 18, एमबीए में 34, एमटेक में 1 तथा पीएचडी में 26 छात्रों के उत्तीर्ण होने का अनुमोदन सम्मानित विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में आईसीआर द्वारा प्रेषित व्यापक विषय वस्तु क्षेत्र (बी एस एम ए)समिति की रिपोर्ट 2021 को विश्वविद्यालय में एमएससी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में शामिल किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। यह नवीन पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के चारों महाविद्यालय कृषि महाविद्यालय, गृह विज्ञान महाविद्यालय, उद्यान महाविद्यालय एवं कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय इटावा में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में लागू किए जाने की संस्तुति प्रदान की गई है। कुलसचिव द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि शासन द्वारा निर्धारित आयु सीमा से नीचे जीवन यापन करने वाले किसी परिवार की एक से अधिक बच्चियां किसी संस्था में अध्ययनरत हैं तो दूसरी बच्ची की ट्यूशन फीस या तो संस्था को प्रोत्साहित करते हुए माफ कराई जाएगी या उसकी प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। विश्वविद्यालय में प्रभावी किए जाने तथा इसके क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आरपी सिंह को नामित किए जाने की संस्तुति प्रदान की गई है। कुलसचिव ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण के हवाले से प्रस्ताव रखा कि विश्वविद्यालय में गेम कोच संबंधी कार्य /खेल के मैदान /खेल उपकरण का रखरखाव हेतु गेम टीचर को नियत वेतनमान पर रखने हेतु प्रस्ताव को भी विद्वत परिषद द्वारा स्वीकृति दी गई। अंत में सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ धर्मराज सिंह ने दिया। इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ एच जी प्रकाश, अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान डॉक्टर वेदरतन, आईसीआर के नोडल अधिकारी रामप्यारे सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे।